आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 37 लखनऊ, गुरूवार 07 जनवरी से 13 जनवरी, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## आंदोलन पर अदालत चिंतित


नई दिल्ली। सर्वोच्च अदालत ने पिछले ४२ दिन से चल रहे किसान आंदोलन को लेकर चिंता जताई है। सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार के बनाए कृषि कानूनों को रद्द करने और किसानों के आंदोलन को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से कहा कि स्थिति में कोई सुधार नहीं है। हालांकि केंद्र ने अदालत को भरोसा दिलाया कि बातचीत चल रही है और उससे समाधान निकल सकता है। इसके बाद अदालत ने अगले हफ्ते के लिए सुनवाई टाल दी। अब इस मामले की सुनवाई ११ जनवरी को होगी। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस एसए बोबडे की बेंच ने अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल और सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि स्थिति में कोई सुधार नहीं है। चीफ जस्टिस ने इसके साथ ही कहा कि वे किसानों की हालत समझ रहे हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने भी कृषि कानूनों और किसान आंदोलन से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई की थी। उस समय अदालत ने कहा था कि जब तक सुनवाई चल रही तब तक सरकार कृषि कानूनों पर रोक लगाने के बारे में विचार करे। अदालत ने यह भी कहा था कि शांतिपूर्ण आंदोलन करना संविधान से दिया गया अधिकार है,




जिस पर अदालत रोक नहीं लगा सकती है। बहरहाल, बुधवार को हुई सुनवाई में केंद्र सरकार की तरफ से कोर्ट में पेश हुए अटॉर्नी जनरल और सॉलिसीटर जनरल ने कहा– किसानों से अच्छे माहौल में बातचीत हो रही है। हो सकता है कि आने वाले समय में कोई नतीजा निकल आए, इसलिए फिलहाल सुनवाई करना ठीक नहीं होगा। कोर्ट ने इस बात को मान लिया और सुनवाई सोमवार तक टाल दी और साथ ही कहा कि किसानों से बातचीत जारी रखें। हालांकि केंद्र सरकार के साथ अब तक हुई कई दौर की वार्ता में कोई समाधान नहीं निकला है। अगली वार्ता आठ जनवरी को होने वाली है पर किसानों ने पहले ही कह दिया है कि उनको आठ जनवरी को भी किसी समाधान की उम्मीद नहीं है। किसान तीनों कानूनों को रद्द करने और एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे हैं। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने भी कृषि कानूनों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। उन्होंने कहा है– हमारे दिमाग में बिल्कुल साफ है कि ये कानून किसान विरोधी हैं। हम इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। कांग्रेस शासित बाकी राज्यों ने भी विधानसभा में केंद्रीय कानूनों के खिलाफ प्रस्ताव पास किया है और अपना कानून बना कर मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा है। राज्य सरकारें अदालत जाने से पहले राष्ट्रपति के फैसले का इंतजार कर रही हैं।

## भारत में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या डेढ़ लाख के पार

नई दिल्ली। भारत में पिछले २४ घंटों में कोरोनोवायरससंक्रमण के १८,०८७ मामले सामने आए, जिसके बाद कुल मौतों का आंकड़ा १,०३,७४,६३२ तक पहुंच गया। इसी दौरान देश में २६४ मौतें दर्ज की गई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या ।,५०,११४ तक पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को ये जानकारी दी। भारत में लगातार पांचवें दिन कोरोनावायरस संक्रमण की संख्या २०,००० से नीचे दर्ज की गई। अब तक देश में ९९,६७,२७२ मरीज इस बीमारी से उबर चुके हैं। फिलहाल २,२७,५४६ मरीज सक्रिय रूप से संक्रमित हैं। रिकवरी दर ९६.३६ प्रतिशत है जबकि मृत्यु दर १.४५ प्रतिशत है। महाराष्ट्र अब तक का सबसे प्रभावित राज्य बना हुआ है। दैनिक नए मामलों में से ८४ प्रतिशत १० राज्यों केरल, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ और राजस्थान से सामने आ रहे हैं। दो टीकों की मंजूरी के



साथ, जल्द ही बड़े पैमाने पर देश में टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने पहले चरण में लगभग ३० करोड़ लोगों को टीका लगाने की योजना बनाई है जिसमें एक करोड़ हेल्थकेयर वर्कर्स, २ करोड़ फ्रंटलाइन वर्कर्स और २७ करोड़ बुजुर्ग शामिल हैं।

## बदायूं में महिला के साथ हैवानियत पर ब्ड योगी ने मांगी रिपोर्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में अधेड़ महिला के साथ हैवानियत के बाद हत्या की घटना का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। सीएम योगी ने इस जघन्य घटना के संबंध में एडीजी जोन बरेली से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने निर्देश दिया है कि यदि एसटीएफ को भी लगाना पड़े तो लगाकर जल्द घटना की जांच की जाए और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। उधर, बुधवार को गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुरादनगर में श्मशान घाट की गैलरी हादसे के मामले की जांच एसआइटी से कराने के निर्देश दिए हैं। उनके अधिकारिक ट्विटर हैंडल से ये जानकारी दी गई है। बदायूं में सामूहिक दुष्कर्म और हत्याकांड पर एडीजी ल एंड अर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि पीड़िता के पति की शिकायत के आधार पर तीन में से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी अब भी फरार चल रहा है। समय पर कार्रवाई नहीं करने पर इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है। सरकार के आदेश के अनुसार वारदात की जांच में एसटीएफ को भी शामिल किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के स्तर से फरार अरोपित पर २५ बजार का इनाम भी घोषित कर



दिया गया है।बदायूं में हुए सामूहिक दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या के मामले में एसएसपी संकल्प शर्मा ने उघैती एसएचओ राघवेंद्र प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया है। महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जहां एसएसपी और एस पी देहात रात भर उघैती थाने में ही डेरा डाले हुए है। वहीं मामले में पुलिस ने दोनों आरोपित को वेदराम व जसपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि उसका महंत सत्य नारायण फरार है।बता दें कि बदायूं के उघैती थाना क्षेत्र स्थित एक गांव के धार्मिक स्थल में पूजा करने गई महिला के साथ आरोपितों ने हैवानियत की हद पार कर दी थी। सामूहिक दुष्कर्म के बाद ठीक उसी तरह निजी अंगों में लोहे की रड डाल दी गई, जैसा कि दिल्ली की निर्भया संग हुआ। मंगलवार देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि के बाद अफसरों में खलबली मच गई। आरोपित मंदिर के महंत समेत तीन लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।बदायूं में हैवानियत की शिकार हुई महिला आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर कार्यरत थी। तीन बच्चों के अलावा अपने पति की देखरेख का जिम्मा भी वही संभाल रही थी। उसको जो मानदेय मिलता था उसी से घर का गुजारा हो रहा था। ऐसे में दरिंदों ने परिवार के कमाऊ सदस्य को छीन लिया। पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे डीएम कुमार प्रशांत ने सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया है।

## महिला सुरक्षा पर यूपी सरकार की नीयत में खोट : प्रियंका गांधी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के उघैती इलाके के एक धर्मस्थल में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले को लेकर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने निशाना साधा और कहा कि महिला सुरक्षा पर यूपी सरकार की नीयत में खोट है। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को ट्विटर के माध्यम से लिखा कि, हाथरस में सरकारी अमले ने शुरूआत में फरियादी की नहीं सुनी, सरकार ने अफसरों को बचाया और आवाज को दबाया। बदायूं में थानेदार ने फरियादी की नहीं सुनी, घटनास्थल का मुआयना तक नहीं किया। महिला सुरक्षा पर यूपी सरकार की नीयत में खोट है। बता दें कि उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के उघैती थाना क्षेत्र स्थित गांव के धर्मस्थल में पूजा करने गई महिला के साथ हैवानियत की इंतेहा की गई। सामूहिक दुष्कर्म के बाद ठीक उसी तरह निजी अंगों को क्षतिग्रस्त कर दिया जैसा दिल्ली में निर्भया के साथ किया गया था। मंगलवार देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि के बाद अफसरों में खलबली मच गई। आशंका है कि निजी अंगों से ज्यादा छेड़छाड़ की गई है। आरोपी धर्मस्थल के महंत समेत तीन लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद से मुख्य आरोपी फरार है जबकि दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी तलाश के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

## चोरी की बाइक समेत दो चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

लखनऊ। गोसाईंगंज पुलिस ने बुधवार की सुबह सेगटा गांव के पास से दो चोरों चोरी की बाइक समेत पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने दोनों चोरों को पूछतांछ के बाद जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज धीरेंद्र कुशवाहा के मुताबिक मलौली गांव निवासी सर्वजीत रावत व अतुल रावत दोनो चोरी की बाइक से भगाने की फिराक में थे। लेकिन मुखबिर की सूचना पर घेर कर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बाइक चोरी की बात कबूल की। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज के मुताबिक दोनो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# सम्पादकीय

## महिलाएं घर में भी सुरक्षित नहीं

भारत में महिलाओं के प्रति सोच बदलने का नाम नहीं ले रही है। प्रगति के तमाम दावों और बेटी पढ़ाओ– बेटी बचाओ जैसे सरकारी अभियानों के बावजूद महिलाओं पर हिंसा बढ़ती जा रही है। २०२० खासकर महिलाओं के लिए बुरा साल साबित हुआ। ये बात खुद राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लू) के आंकड़ों से जाहिर हुई है। आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक बीते साल महिलाओं के खिलाफ हिंसा की २३,७२२ शिकायतें मिलीं, जो कि छह साल में सबसे ज्यादा है। कुल शिकायतों में से एक चौथाई घरेलू हिंसा से जुड़ी थीं। तो साफ है कि महिलाएं घर में भी सुरक्षित नहीं हैं। चिंता की बात यह है कि इस हालत में सुधार के बजाय स्थिति बिगड़ती जा रही है। एनसीडब्लू के मुताबिक पिछले साल कुल ५,२६४ शिकायतें घरेलू हिंसा से जुड़ीं थी। हकीकत यह ह कि अपने देश में कई महिलाएं भय के कारण शिकायत भी नहीं कर पाती हैं। एनसीडब्लू के आंकड़ों के मुताबिक महिलाओं पर हिंसा की सबसे अधिक ११,८७२ शिकायतें उत्तर प्रदेश से मिलीं। इसके बाद दिल्ली से २,६३५, हरियाणा १,२६६ और महाराष्ट्र १,१८८ से शिकायतें मिलीं। कुल २३,७२२ शिकायतों में से ७,७०८ शिकायतें गरिमा के साथ जीवन के अधिकार से वंचित करने के आरोप में की गईं। इस तरफ उचित ही ध्यान दिलाया गया है कि आर्थिक असुरक्षा, तनाव के स्तर में वृद्धि, चिंता, वित्तीय चिंताएं और माता–पिता से कोई भावनात्मक समर्थन नहीं मिलने के कारण घरेलू हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। बीते साल दंपतियों के लिए घर ही दफ्तर बन गया। उनके बच्चों के लिए घर ही स्कूल और कलेज बन गए। जाहिर है, इसी दौरान महिलाओं को घर से कई काम एक साथ करने पड़े। शायद यही वजह है कि पिछले छह सालों में सबसे ज्यादा शिकायतें दर्ज की गईं। इससे पहले साल २०१४ में ३३,६०६ शिकायतें दर्ज की गईं थीं। एनसीडब्लू के मुताबिक पिछले साल जब कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए देश में लकडाउन लगाया गया था, तो उस वक्त घरेलू हिंसा की शिकायतों की भरमार लग गई। महिलाओं के पास इस दौरान बाहर जाने का विकल्प नहीं था। तो उन्हें घर पर ही हिंसा का सामना करना पड़ा। मगर यह एक तात्कालिक वजह है। असल कारण है कि महिलाओँ परिवार और समाज में महिलाओं की कमजोर हैसियत। इस सच्चाई को बदलना फिलहाल और कठिन होता दिख रहा है।

# यूपी में विधान परिषद की 12 सीटों पर चुनाव की तारीखों का ऐलान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की १२ सीटों पर चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को विधान परिषद चुनाव का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया। जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार अधिसूचना ११ नवंबर को जारी की जाएगी। प्रत्याशी ११ से १८ जनवरी तक पर्चा दाखिल कर सकेंगे। १६ जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच और २१ जनवरी को नाम वापसी होगी। मतदान २८ जनवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना भी शुरू हो जाएगी।उत्तर प्रदेश में ३० जनवरी को विधान परिषद की १२ सीटें रिक्त हो रही हैं। इससे पहले निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। विधान परिषद में जो १२ सीट खाली हो रही हैं उनमें समाजवादी पार्टी के अहमद हसन, रमेश यादव, आशु मलिक, रामजतन राजभर, वीरेंद्र सिंह और साहब सिंह सैनी हैं। भारतीय जनता पार्टी के ड. दिनेश शर्मा, स्वतंत्र देव सिंह और लक्ष्मण प्रसाद आचार्य हैं। बहुजन समाज




पार्टी के धर्मवीर सिंह अशोक, प्रदीप कुमार जाटव और नसीमुद्दीन सिद्दीकी का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इनमें नसीमुद्दीन कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। उनकी विधान परिषद की सदस्यता खत्म की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में सौ सदस्य हैं। इसमें बहुमत के लिए ५१ का आंकड़ा चाहिए। विधान परिषद शिक्षक क्षेत्र के चुनाव से पहले सपा के ५२, भाजपा के १६, बसपा के आठ, कांग्रेस के दो और अपना दल सोनेलाल व शिक्षक दल के एक–एक के साथ तीन निर्दलीय सदस्य थे। इसके साथ १४ सीटें खाली थीं, जिनमें पांच स्नातक और छह शिक्षक कोटे की सीटों पर चुनाव हुए।स्नातक व शिक्षक कोटे की सीटों के नतीजे आने के बाद सपा की संख्या अब ५५ हो गई है। भाजपा के सदस्य अब २५ हैं। बसपा और कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ा है। अभी भी तीन सीट खाली हैं। इनमें बदायूं की स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों वाली सीट के साथ नसीमुद्दीन सिद्दीकी की सदस्यता चले जाने से दूसरी सीट खाली रह है। तीसरी खाली सीट मनोनीत सदस्य की है। इनमें सपा के राम सिंह यादव का कोरोना से निधन हो गया था। राज्यपाल के मनोनीत दस १० सदस्यों में से एक राम सिंह यादव भी थे।

# अब खुशहाली की तरफ बढ़ रहेः योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। आजादी के ७० साल बाद तक किसानों को केवल वोट बैंक समझा गया। सत्ता में बैठे लोगों की प्राथमिकता से और राजनीतिक एजेंडे से किसान नदारद था। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद किसान मुख्य धारा में शामिल हुआ और विकास में भागीदार बना। बुधवार को किसान कल्याण मिशन का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए किसानों की आय दोगुना करने का संकल्प दोहराया। कानपुर रोड पर बंथरा स्थित विनायक स्पोर्टस स्टेडियम में मुख्यमंत्री ने एक साथ प्रदेश के ८२५ ब्लाकों में शुरू किसान कल्याण मिशन के तहत होने वाले फायदे गिनाए। सीएम ने कहा कि देश में जय जवान और जय किसान का नारा तो दिया गया लेकिन इसके बावजूद किसान हाशिये पर था। २०१४ में मोदी सरकार के आने के बाद किसान मुख्य धारा में शामिल हुआ। इससे पहले किसानों की आत्महत्या की खबरें आती थीं जबकि आज गांव–गांव से प्रगतिशील किसानों की खुशहाली की कहानियां आ रही हैं। यह बदलाव की शुरुआत है। देश के हर किसान को आत्मनिर्भर बनाना ही हमारी सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री



ने कहा कि जब हमारी सरकार आई तो कैबिनेट का सबसे पहला निर्णय किसानों के गन्ना भुगतान का रहा। पिछली सरकारों में धान और गेहूं की खरीद नहीं होती थी। आज हमने लक्ष्य से अधिक खरीद की। प्रदेश में विज्ञान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं जिससे खेती और बेहतर हो रही है। सीएम ने किसान आंदोलन की ओर इशारा करते हुए कहा कि तमाम लोग किसानों को लेकर गलतफहमी पैदा कर रहे हैं। उन लोगो को अच्छा नहीं लग रहा कि किसान खुशहाल हो रहा है। दुग्ध उत्पादन में हम नंबर एक है। करीब सवा दो करोड़ किसानों को सम्मान निधि प्रदान की गई। कम पानी में खेती कैसे हो, इसकी जानकारी दी जा रही है। कोरोना काल में किसानों के लिए काम किया गया। सीएम ने सभा में मौजूद किसानों को कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने पर जोर दिया। कहा कि ग्राम पंचायतें अपने स्टोर बनाकर अनाज का भंडारण करें। इससे आय भी होगी और किसानों को भटकना नहीं पड़ेगा। सीएम ने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने को भी कहा। सीएम ने बुंदेलखंड में एक दुग्ध उत्पादन समिति का हवाला दिया जिसने एक साल में डेढ़ करोड़ से अधिक की आय अर्जित की।

# लखनऊ में संदिग्ध हालतों में 22 वर्षीय युवक की हत्या

लखनऊ। राजधानी स्थित मलिहाबाद में संदिग्ध हालतों में २२ वर्षीय युवक का शव मिला। बताया जा रहा है कि मृतक का भाई युवक को जगाने के लिए गया तो घटना का पता चला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, मृतक के भाई ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या की आशंका जताई है। मामला मलिहाबाद थानाक्षेत्र के कुसभरी गांव का है। यहां निवासी हिमेश त्रिवेदी (२२) मृत अवस्था मे कमरे में पड़ा मिला। मृतक के भाई उमेश ने बताया कि वह किसान हैं। भाई हिमेश भी साथ मे हाथ बंटाता था। सोमवार रात रोजाना की तरह भाई गांव के अंदर बने पैतृक आवास में सोने गया था। जबकि अन्य परिवारीजन गांव के बाहर बने ने मकान में सोए थे। मंगलवार सुबह भाई काफी देर तक जब ने मकान में नहीं लौटा तो गांव वाले मकान में पहुंचे। वहां कमरे के अंदर भाई चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ा था। भाई के मुंह से खून निकल रहा था। कनपटी पर चोट के निशान थे। घटना की जानकारी पर एसपी ग्रामीण ह्रदयेश कुमार, सीओ योगेंद्र सिंह और फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों और फोरेंसिक टीम ने घटना से सम्बंधित अहम साक्ष्य जुटाए। एसपी ग्रामीण ने बताया कि परिवारीजनों के आरोप और मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मौके पर एक जहरीले पदार्थ की शीशी मिली है। हिमेश को खून की उल्टी भी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। घटना से सम्बंधित कई बिंदुओं की पड़ताल की जा रही है।



# सरकार का महिला चालकों को नए साल पर तोहफा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की सरकार महिला सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी के तहत परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने पिंक बसों में महिला चालकों को ई–स्टेयरिंग वाली बसें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इससे महिला चालकों को बसों के संचालन में आसानी होगी। उन्होंने चालकों व परिचालकों की ड्यूटी साफ्टवेयर के माध्यम से लगाने के लिए कहा है। ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता समाप्त होने से पहले उनको एलर्ट भेजा जाए।परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने परिवहन निगम मुख्यालय में समीक्षा के मौके पर कहा कि जो भी क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) कार्यों के प्रति उदासीनता व लापरवाही दिखाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने अंतरराज्यीय बसों का प्रभावी संचालन न होने पर जीएम संचालन की फटकार लगाई। शीघ्र इन बसों को संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आरएम एवं एआरएम से कहा कि अपने–अपने बस स्टेशनों की आय के स्रोत बढ़ाने के लिए कमर्शियल ष्टिकोण से काम करें।मंत्री ने निगम में ठेका देने के टेंडर में अधिकारियों की मिलीभगत की शिकायत पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि टेंडर दस्तावेजों की जांच कराई जाएगी और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। सरकारी संपत्ति का दुरूपयोग नहीं करने दिया जाएगा।

# टेरर फंडिंग के संदेह में रोहिंग्या गिरफ्तार

लखनऊ। बुधवार को आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने बड़ी कार्रवाई की है। एटीएस ने टेरर फंडिंग के संदेह में संतकबीरनगर के खलीलाबाद में अवैध ढंग से रह रहे रोहिंग्या अजीजुल हक को गिरफ्तार किया है। अजीजुल ने फर्जी दस्तावेजों के जरिये अजीजुल्लाह के नाम से दो पासपोर्ट, आधारकार्ड व अन्य प्रपत्र भी बनवा रखे थे। वह वर्ष २०१७ में अवैध ढंग से अपनी मां-बहन व दो भाइयों को भी यहां ले आया था।एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि अजीजुल के पांच बैंक खातों में विदेशों से भी लाखों रुपये भेजे गए हैं। यह रकम वर्ष २०१५ से उसके खातों में भेजी जा रही थी। उसके टेरर फंडिंग में शामिल होने की आशंका है, जिसकी गहनता से छानबीन कराई जा रही है। एटीएस ने अजीजुल के संपर्क में रहे अलीगढ़ के दिल्ली गेट क्षेत्र निवासी युवक के ठिकाने पर भी छापेमारी की है। कुछ अन्य जिलों में भी छानबीन की जा रही है। एडीजी ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि मूलरूप से म्यांमार निवासी अजीजुल को खलीलाबाद से गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध एटीएस के लखनऊ थाने में धोखाधड़ी, १४ विदेशी अधिनियम व १२ पासपोर्ट अधिनियम के तहत एफआइआर दर्ज की गई है। एटीएस अजीजुल के भाई व बहनोई की भी तलाश कर रही है। संदेह के घेरे में आए पांच लोगों से पूछताछ चल रही है। एटीएस अजीजुल को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर संदेह के घेरे में आए लोगों से उसका आमना-सामना भी करायेगी। सूत्रों का कहना है कि इनमें संतकबीरनगर निवासी नगर निगम में संविदा पर काम कर रहा तकनीकी सहायक भी शामिल है। वह फर्जी दस्तावेज बनवाने में अजीजुल का मददगार रहा है, जबकि अलीगढ़ में जिस युवक के ठिकाने पर छापा माया गया है, उसका अजीजुल से लेनदेन होने की बात सामने आई है। अजीजुल अलीगढ़ में रहा भी था। उसके कब्जे से फर्जी दस्तावेजों के जरिये अजीजुल्लाह के नाम से बने दो पासपोर्ट, एक आधार कार्ड, पैन कार्ड, पांच बैंक पासबुक, राशनकार्ड व म्यांमार का एक डेबिट कार्ड मिला है। उसके पास से दो अन्य व्यक्तियों के भी आधारकार्ड मिले हैं। आइजी एटीएस जीके गोस्वामी ने बताया कि अजीजुल ने फर्जी राशनकार्ड, मार्कशीट व प्राथमिक पाठशाला के ट्रांसफर सार्टीफिकेट का इस्तेमाल कर दो पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज बनवाए हैं। वह वर्ष २००२ में बांग्लादेश के रास्ते अवैध ढंग से आया था और तभी से यहां डेरा जमाए था। वह वर्ष २०१७ में अपनी मां आबिदा खातून, बहन फातिमा खातून तथा दो भाइयों जियाउल हक व मु.नूर को लेकर अवैध ढंग से भारत लेकर आया था। जियाउल हक नासिक में रहता है, जबकि दूसरे भाई नूर व बहनोई नूर आलम का पता नहीं है। एटीएस दोनों की तलाश कर रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था का कहना है कि आरोपित अजीजुल संतकबीरनगर के ग्राम नौरा निवासी बदरे आलम के घर पर भी रहा था। बदरे आलम ने ही राशनकार्ड में अजीजुल का नाम अपने बेटे अजीजुल्लाह के नाम से दर्ज करा दिया था। इस राशनकार्ड के आधार पर ही अजीजुल ने फर्जी दस्तावेज बनवाए थे। बदरे आलम का दावा है कि अजीजुल ने खुद को अनाथ बताया था, जिस पर उन्होंने उसे अपने घर में शरण दे दी थी। अजीजुल के रोहिंग्या के नाम पर चंदा जुटाने की बात भी सामने आई है। उसका मकसद क्या था और वह चंदे की रकम से क्या करने वाला था। इसकी भी छानबीन चल रही है। अजीजुल वर्ष २०१५ में सऊदी अरब गया था। इसके अलावा वह वर्ष २०१७ में बांग्लादेश भी गया था। वह किन और देशों में गया और किन-किन लोगों के संपर्क में रहा, इसकी छानबीन भी चल रही है। बता दें, २६ दिसंबर को टेरर फंडिंग, हवाला और देश विरोधी तत्वों के संपर्क में होने की जांच कर रही एटीएस ने गोरखपुर में गोलघर के बलदेव प्लाजा स्थित नईम एंड संस मोबाइल शाप समेत फर्म की दो दुकानों पर छापा मारा था। आठ घंटे से अधिक समय तक चली छानबीन व पूछताछ के बाद टीम दुकान में लगे कंप्यूटर की हार्ड डिस्क और अन्य दस्तावेज कब्जे में लिए थे। २०१८ में भी यहां एटीएस की टीम ने छापा मारा था। एटीएस ने २४ मार्च २०१८ को टेरर फंडिंग, हवाला कारोबार और देश विरोधी तत्वों के संपर्क में होने के संदेह में मोबाइल फोन के थोक कारोबारी नईम एंड संस के मालिक नईम के बेटों नसीम अहमद तथा अरशद को हिरासत में लिया था। फर्म के तीन प्रतिष्ठानों से ५० लाख रुपये से अधिक नकदी बरामद कर तीनों प्रतिष्ठानों से कंप्यूटर, हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव और अन्य दस्तावेज कब्जे में लिया था। इसके अलावा खोराबार और शाहपुर क्षेत्र से तीन अन्य लोग हिरासत में लिए गए थे।

# बदायूं सामूहिक दुष्कर्म व हत्याकांड पर विपक्ष ने सरकार पर बोला हमला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में अधेड़ महिला के साथ हैवानियत के बाद हत्या की वारदात को लेकर विपक्ष एक बार फिर यूपी सरकार पर हमलावर है। घटना के बाद जिस प्रकार से पुलिस की लापरवाही सामने आई है, उससे सरकार की किरकिरी हो रही है। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दलों ने योगी सरकार को निशाने पर लिया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि 'बदायूं में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हैवानियत और दरिंदगी का जो वीभत्स रूप पोस्टमार्टम में सामने आया है वह दिल दहलाने वाला है। भाजपा सरकार अपराधियों को बचाने की कोशिश न करे और मृतका व उसके परिवार को पूर्ण न्याय मिले।भाजपा सरकार का कुशासन अपराधियों की ढाल न बने। 'दोषियों को सख्त सजा दिलाए सरकार : बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए ट्वीट किया कि 'उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में महिला के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की घटना अति-दुखद व अति- निंदनीय है। बीएसपी की मांग है कि राज्य सरकार इस घटना को गंभीरता से ले और दोषियों को सख्त सजा दिलाना भी सुनिश्चित करे। ताकि ऐसी घटना की पुनरावृति न हो। ' महिला सुरक्षा पर यूपी सरकार की नीयत में खोट : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने राज्य की बीजेपी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि महिला सुरक्षा पर सरकार की नीयत में खोट है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि श्हाथरस में सरकारी अमले ने शुरुआत में फरियादी की नहीं सुनी, सरकार ने अफसरों को बचाया और आवाज को दबाया। बदायूं में थानेदार ने फरियादी की नहीं सुनी, घटनास्थल का मुआयना तक नहीं किया। महिला सुरक्षा पर यूपी सरकार की नीयत में खोट है। ' अंतरराष्ट्रीय नेता बनने में जुटे योगी : आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य और यूपी प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि ' आदित्यनाथ जी आपके राज में धर्म स्थल भी सुरक्षित नहीं हैं। बदायूं कांड में महिला के साथ दरिंदगी सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की ये घटना पढ़कर आपकी रूह कांप जाएगी। यूपी सरकार क्राइम कंट्रोल में पूरी तरह फेल है, लेकिन मुख्यमंत्री प्रदेश देखने के बजाय अंतरराष्ट्रीय नेता बनने में जुटे हैं।



# कैशवैन गार्ड की बंदूक से अचानक चली गोलीय चार घायल

लखनऊ । राजधानी की अति व्यवस्त लाटूश रोड पर बुधवार दोपहर सड़क पर दौड़ते समय एटीएम कैशवैन का गार्ड राधेश्याम लड़खड़ाकर गिर गया। जिससे उसकी दोनाली बंदूक छूटी और उससे फायर हो गया। गोली लगने से चार राहगीर घायल हो गए। अमीनाबाद पुलिस ने घायलों को बलरामपुर और ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। वहीं, गार्ड को हिरासत में ले लिया गया है। इंस्पेक्टर अमीनाबाद के मुताबिक, घायलों में सिटी स्टेशन के पास रहने वाले प्रिंटिंग प्रेस संचालक खलीक और सरोजनीनगर में रहने वाले उनके साथी अब्दुल हक और आलमबाग निवासी ऋषभ व एक अन्य युवक है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कैशवैन राइटर सेफगार्ड कंपनी की है। लाटूश रोड स्थित एक एटीएम में रुपये डालने के बाद कैशवैन चालक और गार्ड निकले थे। कैशवैन के चालक ने गाड़ी आगे बढ़ा दी, जबकि गार्ड राधेश्याम पीछे छूट गया था। वह वैन पकड़ने के लिए दौड़ा, उसके कंधे पर बंदूक टंगी थी। तभी लाटूश रोड स्थित बाम्बे फर्नीचर के पास एकाएक लड़खड़ाकर सड़क पर गिर गया और बंदूक से अचानक ही फायर हो गई। इस बीच पीछे से आ रहे खलीक, अब्दुल हक, ऋषभ और एक अन्य को गोली लग गई। चारो राहगीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। वहीं, गार्ड को हिरासत में ले लिया गया है। गार्ड राधेश्याम मूल रूप से अंबेडकर नगर का रहने वाला है। यहां फैजाबाद रोड पर हाईकोर्ट के पास रहता है। सरे राह दिन दहाड़े लाटूश रोड पर गोली चलने से राहगीरों और व्यापारियों में दहशत फैल गई। गोली की आवाज सुनते ही सड़क पर लोग भागने लगे। वहीं, दुकानों में बैठे लोग बाहर निकल आए। कुछ देर बाद लोगों को पता चला कि गार्ड के गिरने से उसकी बंदूक गिरी और गोली चल गई।





# निजी कंपनी का हाउसिंग कार्यालय सील

लखनऊ। आवासीय परियोजनाओं में निवेशकों का पैसा नहीं लौटाने पर प्रशासन ने निजी कंपनी के हाउसिंग कार्यालय पर ताला डाल दिया। प्रशासन की कार्रवाई रियल स्टेट विनिमय और विकास अधिनियम रेरा के आदेश पर की गयी जिसमें बकाया वसूलने के लिए आरसी जारी की गयी थी। कंपनी ने हाउसिंग के तहत कई आवासीय परियोजनाएं लांच की थी। हजारों लोगों ने इसमें निवेश किया था। मगर लोगों के तय समय पर कब्जे नहीं मिले और योजनाएं भी लटक गयीं। सालों से निवेशकों का पैसा भी नहीं लौटाया गया। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि दो दिन में निवेशकों का पैसा लौटाने की तैयारी नहीं की गई तो अन्य संपत्तियों को भी सील करने की कार्रवाई की जाएगी। सहारा इंडिया कंपनी की ओर से भुगतान का कोई आश्वासन नहीं मिलने पर तमाम निवेशकों ने रेरा में अपील की थी। रेरा ने सुनवाई के बाद पिछले वित्तीय वर्ष में ही करीब २०.८६ करोड़ रुपये बकाया वसूली के लिए नोटिस जारी की थी। यह पैसा तमाम आवासीय योजनाओं में निवेशकों ने लगाया था। एसडीएम सदर प्रफुल त्रिपाठी के मुताबिक आरसी के बावजूद कंपनी की ओर से पैसा नहीं जमा कराया गया। इस पर रेरा ने कार्यालय सील करने का आदेश दिया था। इसके तहत बुधवार को हाउसिंग एंड फाइनेंस कार्यालय को सील कर दिया गया।

# देश में बर्ड फ्लू का खतरा



नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में पक्षियों की लगातार हो रही मौत से बर्ड फ्लू का खतरा मंडराने लगा है। पिछले १० दिन में देश के कई राज्यों में लाखों पक्षियों की मौत हुई है। चार राज्यों– मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और केरल में बर्ड फ्लू की पुष्टि हो गई है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को एक इमरजेंसी मीटिंग की। चार राज्यों में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद कई राज्यों में अलर्ट घोषित किया गया है। केरल में पिछले कुछ दिनों में १२ हजार बत्तखों की मौत हुई है। इसके बाद कर्नाटक और तमिलनाडु में सावधानी बरतने के निर्देश जारी किया गया है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश में हजारों की संख्या में पक्षियों के मरने से जम्मू कश्मीर और हरियाणा ने अपने यहां सैंपलों की जांच करनी शुरू कर दी है। केरल में अलप्पुझा और कोट्टायम के कई हिस्सों में बर्ड फ्लू का स्ट्रेन मिलने के बाद वहां करीब ३६ हजार पक्षियों को मारे जाने की संभावना है। इधर हरियाणा के पंचकूला में पिछले १० दिनों में कई लाख पक्षियों की मौत हुई है। प्रशासन इसकी जांच कर रहा है कि यह बर्ड फ्लू है या कुछ और। अभी तक बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच हिमाचल प्रदेश ने मंगलवार को राज्य में बर्ड फ्लू होने की पुष्टि की। वहां पर बाहर से आने वाले प्रवासी पक्षियों की एक नस्ल के २७ सौ पक्षी मृक मिले हैं। उधर मध्य प्रदेश बड़ी संख्या में कौवों की मौत से बर्ड फ्लू का खतरा पैदा हो गया है। इंदौर और मंदसौर से लिए गए कुछ सैंपल में बर्ड फ्लू की मौजूदगी की पुष्टि हुई है, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने इमरजेंसी बैठक की। राजस्थान के कई जिलों में भी कौवों और दूसरे पक्षियों के मरने की खबर ही। पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया के हवाले से खबर आई है कि राजस्थान के झालवाड़, कोटा और बारण में पक्षियों में वायरस मिला है।

# 13 जनवरी से लगेगा टीका!

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का संक्रमण रोकने के लिए दो वैक्सीन को मंजूरी देने के बाद अब सरकार ने टीकाकरण शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली है। अगले हफ्ते १३ या १४ जनवरी से वैक्सीनेशन की शुरुआत हो सकती है। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि सरकार १० दिन के अंदर टीकाकरण शुरू करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने तीन जनवरी को भारत बायोटेक की कोवैक्सीन और अक्सफोर्ड– एस्ट्राजेनेका की कोवीशील्ड वैक्सीन को मंजूरी दी थी। बहरहाल, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने मंगलवार को कहा कि देश में वैक्सीनेशन के लिए हुए ड्राई रन से मिले डाटा के आधार पर सरकार टीकाकरण शुरू करने के लिए लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने टीका लगवाने के लिए रजिस्ट्रेशन के नियमों को स्पष्ट करते हुए बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को रजिस्ट्रेशन करवाने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि उनका डाटा पहले ही को–विन वैक्सीन डिलीवरी मैनेजमेंट सिस्टम में फीड कर लिया गया है। स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि देश में चार प्राइमरी वैक्सीन स्टोर बनाए गए हैं। ये हरियाणा के करनाल, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में हैं। इसके अलावा देश भर में ३७ वैक्सीन स्टोर हैं, जहां वैक्सीन को स्टोर किया जाएगा और आगे इनका वितरण होगा। राजेश भूषण ने कहा– जहां तक ब्रिटेन में मिले कोरोना के नए स्ट्रेन की बात है तो हमें अभी तक देश में इसके ज्यादा मामले बढ़ते नहीं दिखे हैं। ये एक राहतभरी बात है। गौरतलब है कि ब्रिटेन में मिला वायरस का नया स्ट्रेन पहले के मुकाबले ७० फीसदी ज्यादा संक्रामक है। अभी तक भारत में इसके ५० से ज्यादा मामले मिले हैं।

# शिया और सुन्नी दोनों बोर्डो के सी० ई० ओ० को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

लखनऊ। प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सचिवालय स्थित कार्यालय कक्ष में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। मंत्री ने बैठक में शिया बोर्ड के सी० ई० ओ० (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) डॉ. मोहम्मद नसिर हसन और सुनी बोर्ड के सी० ई० ओ०(मुख्य कार्यपालक अधिकारी) सैय्यद मोहम्मद सोयेब को कार्य में शिथिलता के चलते प्रतिकूल प्रविष्टि दिया। 'मंत्री नन्दी ने शिया और सुन्नी बोर्ड के अधिवक्ताओं को व्वाफ बोर्ड वादों के पैरवी में लापरवाही पाये जाने के बाद हटाने के निर्देश दिए' मंत्री ने लगभग ११०० वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अवैध कब्जों शीघ्र–अतिशीघ्र हटाये जाने के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने एंटी भू माफिया टास्क फोर्स लिस्ट में वक्फ की प्रॉपर्टी को जोड़ने के दिये निर्देश। प्राविधिक शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा विभागों के पास आई०टी०आई० और पॉलीटेक्निक के उपकरण एवं मशीनरी की धनराशि को जल्द से जल्द आई टी आई एवम् पॉलीटेक्निक के डायरेक्टर के साथ बैठक कर संचालित करने के निर्देश दिए। सॉफ्टवेयर पर फीड किए गए विवरण को विभागीय वेबसाइट से जियो टैगिंग और जियो मैपिंग से लिंक किए जाने में तेजी लाने के निर्देश दिये। मंत्री ने मदरसा बोर्ड की कामिल और फाजिल डिग्रियों को शिक्षा विभाग की डिग्रियों की समतुल्यता हेतु प्रस्ताव शासन को जल्द से जल्द भेजे जाने के निर्देश दिये। मंत्री ने अपने अधिकारियों को कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित नई रोशनी, उस्ताद तथा सीखो कमओ आदि योजनाओं के तहत प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को दिये जा रहे ऋण में प्राथमिकता दी जाए। नये लक्ष्य तय किये जाए तथा ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन किये जाएं। नन्दी ने अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम द्वारा नोएडा में ट्रेनिंग इस्टीट्यूट में ट्रेनिंग सुविधा तत्काल प्रभाव से शुरू करने के निर्देश दिया। इस दौरान प्रमुख सचिव बी० एल० मीणा, विषेश सचिव डी० एस० उपाध्याय व जे० पी० सिंह, रजिस्टार मदरसा शिक्षा परिषद आर० पी० सिंह और ज्वाइंट डायरेक्टर शेषनाथ पाण्डेय एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## शाह आलम उल्फत बने 'आप' अल्पसंख्यक प्रकोष्ट (उत्तर प्रदेश) के प्रदेश उपाध्यक्ष'

लखनऊ। राज्यसभा सांसद आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रभारी व राज्य सभा सांसद संजय सिंह की सहमति से प्रदेश सहप्रभारी व अध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) शकील मलिक ने आप के पूर्व मऊ जिलाध्यक्ष शाह आलम उल्फत को प्रदेश उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) नियुक्त किया है,साथ ही उन्हें आजमगढ़ मऊ और बलिया जिलों का प्रभार भी सौंपा गया। आम आदमी पार्टी मऊ इकाई ने इस अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने व प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उनको को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अल्पसंख्यक प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष शकील मालिक ने कहा कि शाहआलम को नई जिम्मेदारी मिलने से आजमगढ़ मण्डल में निश्चित रूप से पार्टी को मजबूती मिलेगी,साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों,हितों की रक्षा के लिए एक निर्भीक व जिम्मेदार साथी के रूप में बल मिलेगा।

## ममता चौरीटेबल ट्रस्ट का संकल्प,हम बनें असह्ययो के विकल्प : राजीव मिश्रा

लखनऊ। ६ जनवरी को कम्बल वितरण महाअभियान में चीफ ट्रस्टी राजीव मिश्रा के अगुवाई में ५–५ स्वयंसेवको की १० टीमो ने शहर जे विभिन्न क्षेत्रों में सघन वितरण अभियान चलाया जो रात में भी जारी रहेगा।अभियान में अस्पतालों ,रेलवे एवं बस स्टेशनों,रैन बसेरों, सब्जी मंडियों, मन्दिरो, मस्जिदों, झुग्गियो इत्यादि स्थानों पर खोज खोज कर असहाय जरूरतमन्दों को कम्बल दिए गए,यह अभियान आज रात में भी जारी रहेगा।ट्रस्ट के मुखिया राजीव मिश्रा ने बताया कि ऐसे लाचार लोग जो बिना किसी पहचान के शहर में ठंड में रात गुजारने को मजबूर हैं, उनका नाम चयन में नही आ पा रहा था, इसलिए यह पूरे शहर में सघन वितरण अभियान चलाया जा रहा है। जबकि चयनित जरूरतमन्दों हेतु मुनेश्वर पुरम,हैदर कैनाल, आलमनगर, और प्रभात पुरम में शिविर लगाकर हजारो गरीबो को कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजन एव प्रबन्धन में डॉ डीसी गुप्ता,सत्यदेव शुक्ला, एसपी विश्वकर्मा, कैलाश शुक्ला, रामशंकर राजपूत, अनीता सिंह, बीएन गुप्ता,सरिता शर्मा, अनिल शुक्ला, राजेश शुक्ला, एवं बीआर ध्रुव ने मुख्य रूप से वितरण में योगदान किया, इस अवसर पर विपिन मिश्रा राहुल कुशवाहा, मोहित मिश्रा, सहित हजारो लाभार्थी उपस्थित रहे।

## किसानों की लंबी लड़ाई की तैयारी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के बनाए तीन कृषि कानूनों के विरोध में पिछले ४२ दिन से आंदोलन कर रहे किसान अब सचमुच लंबी लड़ाई की तैयारी करने लगे हैं। उन्होंने टिकरी बॉर्डर पर ईंट–गारे से पक्के ठिकाने बनाने शुरू कर दिए हैं। गौरतलब है कि दिल्ली और आसपास के इलाके में पिछले कई



दिन लगातार बारिश हुई है, जिसकी वजह से किसानों के तंबू गिर गए या उनमें पानी घुस गया। इसलिए वे अब पक्का निर्माण करने लगे हैं। कई जगह आंदोलन कर रहे किसान सड़क के बीच में ही पक्के ऑफिस भी बना रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अब वे अपने मवेशियों को भी यहीं लाने की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच आंदोलन कर रहे किसान गुरुवार यानी सात जनवरी को ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। पहले यह मार्च छह जनवरी को निकाला जाने वाला था, लेकिन खराब मौसम की वजह से इसे एक दिन आगे बढ़ा दिया गया। इसे २६ जनवरी को प्रस्तावित ट्रैक्टर मार्च का रिहर्सल माना जा रहा है। सिंघु बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने कहा कि अगर सरकार ने कृषि कानून वापस नहीं लिए तो वे दिल्ली में २६ जनवरी को ट्रैक्टर परेड करेंगे। परेड का नेतृत्व पंजाब और हरियाणा की महिलाएं करेंगी। वे किस तरह रैली को अंजाम देंगी, ये भी सोच लिया गया है। उसी ट्रैक्टर परेड के रिहर्सल के तौर पर सात जनवरी को रैली निकाली जाएगी। यह रैली दिल्ली की चार सीमाओं से निकलेगी। गौरतलब है कि सरकार के साथ किसानों की अगली बैठक आठ जनवरी को होने वाली है। बताया जा रहा है कि इस बैठक में न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी को कानूनी गारंटी देने के मसले पर बात होगी। अब तक किसानों की आठ दौर की वार्ता हो चुकी है, जिनमें सात दौर में कुछ नहीं निकला। ३० दिसंबर की वार्ता में किसानों की दो छोटी–छोटी मांगों पर सहमति बनी थी।

# अद्भुत नदी : जहाँ से निकलता है सोना

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

आज सोने की कीमत बहुत अधिक है . सोने का भाव दिनों दिन बढ़ता ही रहता है. भारत जैसे देश में जहां सोने की कीमत आसमान छूती है वहीं इस जगह पर सोना कौड़ियों के भाव पर खरीदा जा रहा है . लेकिन झारखंड के रत्नगर्भा क्षेत्र में बड़े–बड़े व्यापारी आदिवासियों से बहुत कम कीमतों पर सोना खरीद रहे हैं, पर आखिरकार आदिवासियों के पास इतना सोना आया कहां से ? इसके पीछे बहुत बड़ा राज छिपा है जिसे यहां की एक पवित्र नदी ने अपने भीतर समेटा हुआ है. झारखंड की राजधानी रांची से करीब १५ से १६ किलोमीटर दूरी पर है रत्नगर्भा. यह एक आदिवासी क्षेत्र है जहां से स्वर्णरेखा नाम की नदी बहकर निकलती है. यह कोई आम नदी नहीं है बल्कि इस इकलौती नदी में सोने का इतना भंडार समाया है जिसका आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते. कहा जाता है कि स्वर्णरेखा या फिर आदिवासियों के बीच नंदा के नाम से जानी जाने वाली इस नदी में सोने के कण पाए जाते हैं, इसीलिए इसका नाम स्वर्णरेखा पड़ा है. यहां की आदिवासी दिन रात इन कणों को एकत्रित करते हैं व स्थानीय व्यापारियों को बेचकर रोजी रोटी कमाते हैं. इस नदी से निकलने वाले सोने के कणों का अपना ही रहस्य है. यह प्रेंति का ऐसा अद्भुत खेल है जिसका पता अभी तक कोई भी लगा ना पाया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि आजतक कितनी ही सरकारी मशीनों द्वारा इस नदी पर शोध किया गया है लेकिन वे इस बात का पता लगाने में असमर्थ रहे हैं कि आखिरकार यह कण जमीन के किस भाग से विकसित होते हैं. इतना ही नहीं, राज्य सरकार व केंद्र सरकारों द्वारा इस तथ्य से मुंह फेरा जा रहा है. कोई भी इस नदी या फिर इससे निकलने वाले कणों के लिए दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है. इस नदी से सम्बंधित एक और आश्चर्यचकित तथ्य यह है कि रांची स्थित यह नदी अपने उद्गम स्थल से निकलने के बाद उस क्षेत्र की किसी भी अन्य नदी में जाकर नहीं मिलती बल्कि यह नदी सीधे बंगाल की खाडी में गिरती है. जिस तरह किसी नदी में जाल बिछाकर मछलियां पकड़ी जाती हैं ठीक उसी तरह यहां के आदिवासी स्वर्ण कणों को छानने के लिये नदी में जाल की भांति टोकरे फेंकते हैं. इन टोकरों में कपड़ा लगा होता है जिसमें नदी की भूतल रेत फंस जाती है. इस रेत को आदिवासी घर ले जाते हैं व दिनभर उस रेत में से सोने के कण व रेत को अलग–अलग करते रहते हैं. सोने के कणों को अलग कर स्थानीय व्यापारियों को औने पौने दाम पर बेचा जाता है. यहां के आदिवासी इस व्यापार से तो इतनी कमाई नहीं कर पाते हैं लेकिन क्षेत्रीय दलाल इस नदी के दम पर करोड़ों की कमाई कर रहे हैं. रांची से बहने वाली यह नदी यहां के आदिवासियों के लिए आय का एकमात्र स्रोत है. उनकी नजाने कितनी ही पीढ़ियां इस नदी से सोने के कणों को निकालकर अपना पेट भर रही हैं, लेकिन वो कहते हैं ना कि जब आपको किसी वस्तु की पूर्ण जानकारी ना हो तो पूरी दुनिया आपका फायदा उठाने आ जाती है. कुछ ऐसा ही हो रहा है यहां के आदिवासियों के साथ भी. इतनी महंगी धातु के बदले में उन्हें कौड़ियों के दाम मिलते हैं जिनसे मुश्किल से ही उनका पेट भरता है. इस क्षेत्र के आदिवासियों की आर्थिक स्थिति सालों से ही ऐसी ही रही है।






## कैण्ट विधायक ने प्राइवेट टीचर्स एसोसिएशन की समस्या हल कराने का आश्वासन दिया

**अतुल त्रिपाठी**

लखनऊ। प्राइवेट टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कैण्ट विधायक से मुलाकात करके अपनी समस्यायें उनके सामने रखीं जिसपर कैण्ट विधायक सुरेश तिवारी ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। प्राइवेट टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल ने आज लखनऊ कैण्ट के विधायक सुरेश चन्द्र तिवारी व नामित पार्षद सुभाष शुक्ला से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नववर्ष की बधाई दी। एसोसिएशन की मीडिया प्रभारी कंचन त्रिपाठी ने बताया कि इस अवसर पर एसोसिएशन के देवेन्द्र सिंह व संयोजक शिशिर बजपेयी ने विधायक को समस्याओं से सम्बन्धित पत्र सौंपा जिसपर विधायक ने उचित स्तर से समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी सतीश पाण्डेय, जितेन भट्ट , सुधीर सिंह , जितेन्द्र पाण्डे, संजय वर्मा, संतराम , नवीन ,सुनीता गौड़ , शालिनी व प्रतिभा भी मौजूद थीं।



## ठंड से बचाव के लिए स्लम बस्ती में हुआ कम्बल वितरण


### आशा वेलफेयर फाउंडेशन ने आयोजित किया वितरण समारोह, गर्म कम्बल पाकर खिले निर्धन महिलाओं के चेहरे

लखनऊ। राजधानी सहित यूपी के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है इसी के साथ रात में ठंड का तापमान नीचे ही गिरता जा रहा है। ऐसे में निर्धन वर्ग को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । राजधानी के महानगर क्षेत्र की स्लम बस्ती पंतनगर एवं इंद्रप्रस्थ नगर के निर्धन वर्ग के परिवारों में रविवार को शिव मंदिर प्रांगण में गर्म कम्बल का वितरण किया गया। इस स्लम बस्ती के निवासी घरों में काम,रेहड़ी दुकानदारी एवं मजदूरी करके अपना भरण पोषण करते है। वितरण का ये कार्यक्रम आशा वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से किया गया। संस्था के सदस्य नीरज जी के द्वारा कम्बलों का प्रबंध करवाया गया। इस दौरान बच्चो को बिस्किट एवं केले भी दिए गए। वितरण कार्यक्रम में आशा वेलफेयर फाउंडेशन के उपाध्यक्ष बृजेंद्र बहादुर मौर्य,संस्था की सचिव ज्योति मेहरोत्रा मीडिया प्रभारी अजंली पांडेय,युवा संगठन सचिव अभिषेक सिन्हा एवं सदस्य अनीता सिंह,पूजा सिंह,मीनाक्षी श्रीवास्तव विमला रावत एवं शीबा खान उपस्थित रहे। इस दौरान दी मदर्स लैप संस्था से मानसी प्रीत एवं मोहित सिंह सहित अमित सिंह चौहान,प्रतीक दुबे, शहनाज, शबनम, कासिम का विशेष सहयोग रहा।



# ४१ देशों में पहुंचा नया स्ट्रेन

नई दिल्ली। कोरोना वैक्सीन का ब्रिटेन में मिला नया स्ट्रेन दुनिया के ४१ देशों में पहुंच गया है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका में मिला नया वैरिएंट दुनिया के छह और देशों में पहुंच गया। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इसका दुनिया के दूसरे देशों में तेजी से प्रसार हो सकता है। इसे देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन, डब्लुएचओ ने अलर्ट जारी किया है। इस बीच अमेरिका और यूरोपीय देशों में संकट बढ़ता जा रहा है। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए जर्मनी में ३१ जनवरी तक राष्ट्रीय लकडाउन घोषित करना पड़ा है। अमेरिका में भी वायरस की वजह से ग्रैमी अवार्ड टाल दिए गए हैं। इस बीच दुनिया भर में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ने का सिलसिला जारी है। बुधवार को भारतीय समय के मुताबिक रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में रिकार्ड संख्या में नए केसेज आए। पहली बार २४ घंटे में साढ़े सात लाख से ज्यादा कोरोना संक्रमित मिले, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या आठ करोड़ ७० लाख ३२ हजार से ज्यादा हो गई। इस अवधि में पूरी दुनिया में १५ हजार से कुछ ज्यादा लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या १८ लाख ७६ हजार से ज्यादा हो



गई है। कोरोना वायरस के संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित अमेरिका में भारतीय समय के मुताबिक बुधवार को रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में दो लाख ४० हजार नए मामले सामने आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर दो करोड़ १५ लाख ६६ हजार से ज्यादा हो गई। इसी अवधि में करीब ३,६३१ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद जिसके बाद मरने वालों का आंकड़ा तीन लाख ६५ हजार ८२५ हो गई। अमेरिका और भारत के बाद दुनिया में तीसरे सबसे ज्यादा संक्रमित देश ब्राजील में बुधवार को संक्रमितों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ। भारतीय समय के मुताबिक बुधवार को रात नौ बजे तक पिछले २४ घंटे में ब्राजील में ५८ हजार के करीब नए केसेज आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ७८ लाख १२ हजार से ज्यादा हो गई थी। ब्राजील में बुधवार को रात नौ बजे तक १,१८६ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों संख्या एक लाख ६७ हजार ७७७ हो गई थी। दुनिया में चौथे सबसे ज्यादा संक्रमित देश रूस में बुधवार को संक्रमितों की संख्या में तीन दिन के औसत के बराबर ही बढ़ोतरी हुई। बुधवार को रूस में २४,२१७ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या ३३ लाख आठ हजार से ऊपर पहुंच गई। रूस में मरने वालों की संख्या ५६,६५१ हो गई है। संक्रमितों के आंकड़े वर्ल्डमीटर्स की वेबसाइट की सूचना पर आधारित हैं।

# मोदी, शाह ने जयराम ठाकुर को जन्मदिन की दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश के



मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को जन्मदिन की बधाई दी और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। ठाकुर आज ५६ वर्ष के हो गये। प्रधानमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा , हिमाचल प्रदेश को निरंतर विकास के पथ पर आगे ले जा रहे राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर जी को जन्मदिन की बहुत–बहुत बधाई। उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं। शाह ने ट्वीट किया, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में देवभूमि निरंतर विकास एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे तथा आप स्वस्थ एवं दीर्घायु हों ऐसी ईश्वर से कामना करता हूँ।

# वैक्सीनेशन से पहले फिर मॉक ड्रिल होगा

नई दिल्ली। पूरे देश में एक साथ कोरोना वायरस रोकने का टीका लगना शुरू होने से पहल एक बार फिर देश भर में मॉक ड्रिल होगा। संभावना है कि १३ या १४ जनवरी से पूरे देश में वैक्सीनेशन का कार्यक्रम शुरू होगा। केंद्र सरकार ने फैसला किया है कि देश के हर जिले में एक साथ टीका लगाने का अभियान शुरू होगा। इसके लिए जल्दी से जल्दी हर जिले में वैक्सीन पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। उससे पहले आठ जनवरी को एक बार फिर पूरे देश में वैक्सीनेशन का ड्राई रन होगा। इससे पहले एक बार पूरे देश में ड्राई रन हो चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आठ जनवरी को दूसरे ड्राई रन के लिए आदेश जारी कर दिया है। मंत्रालय ने बताया कि इसके जरिए समय रहते यह पता चल जाएगा कि वैक्सीनेशन के दौरान किस–किस तरह की दिक्कतें आ सकती हैं, जिसे समय रहते दूर कर लिया जाएगा। सरकार ने पहले चार राज्यों में ड्राई रन किया था। उसके बाद पूरे देश में ड्राई रन किया गया और फिर तीसरी बार रिहर्सल से मिले डाटा का इस्तेमाल वैक्सीनेशन अभियान में किया जाएगा। इस बीच, पंजाब सरकार ने राज्य में स्कूल खोलने का फैसला किया है। पंजाब पहला राज्य होगा, जहां स्कूल खुल रहे हैं। वहां सात दिसंबर से पांचवीं से १२वीं क्लास के छात्रों के लिए स्कूल खोले जाएंगे। शिक्षा मंत्री विजय इंदर सिंगला ने बताया कि फैसला सभी सरकारी, अर्ध–सरकारी और प्राइवेट स्कूलों पर



लागू होगा। स्कूल का समय सुबह १० बजे से शाम तीन बजे तक तय किया गया है। उधर केंद्र सरकार ने तमिलनाडु सरकार से कहा है कि वह सिनेमा घरों में सौ फीसदी दर्शकों की मौजूदगी वाले आदेश को वापस ले। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने सिनेमा घरों को ५० फीसदी दर्शकों की क्षमता के साथ ही चलाने के आदेश को वापस ले लिया था और कहा था कि अब सौ फीसदी सीटें भरी जा सकती हैं। लेकिन कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन आने और संक्रमण बढ़ने की आशंका में केंद्र सरकार ने इस आदेश को वापस लेने के लिए कहा है।

# लव जिहाद कानून पर रोक नहीं

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विवादित लव जिहाद कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि सर्वोच्च अदालत इस



विवाद कानून पर सुनवाई के लिए तैयार हो गई है। लव जिहाद के हवाले दोनों राज्यों ने धर्मांतरण रोकने का कानून बनाया है। इनके अलावा मध्य प्रदेश में भी पिछले दिनों सरकार ने इस कानून को मंजूरी दी। बहरहाल, बुधवार को सर्वोच्च अदालत में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कानूनों के खिलाफ दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई हुई। अदालत ने इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दोनों राज्यों को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। उनको जवाब देने के लिए चार हफ्ते का समय दिया गया है। इस मामले की सुनवाई अब चार हफ्ते बाद होगी। याचिकाकर्ताओं ने इन कानूनों पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अच्छा होता अगर याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट की बजाय संबंधित हाई कोर्ट में जाते। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने अदालत में कहा कि शादीशुदा जोड़ों पर इस तरह का दबाव डालना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा– यह बिल्कुल भी सही नहीं, जिसमें यह साबित करना पड़े कि उनकी शादी का मकसद धर्म परिवर्तन नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिसमें भीड़ ने अंतर धार्मिक शादी में बाधा पहुंचाई है। उन्होंने इस कानून के तहत सख्त सजा का हवाला भी दिया। एक दूसरे वकील ने अदालत को बताया कि ऐसे ही कानून मध्य प्रदेश और हरियाणा में भी बनाए जाने की तैयारी है। कुछ याचिकाएं वकील विशाल ठाकुर, अभय सिंह यादव और ल रिसर्चर प्रनवेश की ओर से भी दायर की गई हैं। याचिका में कहा गया कि अध्यादेश से संविधान का बुनियादी ढांचा प्रभावित हुआ है। इसमें सवाल उठाया गया है कि क्या संसद को संविधान के तीसरे हिस्से के तहत दिए गए मौलिक अधिकारों में परिवर्तन करने का अधिकार है।

# कोरोना संक्रमण से मरने वालों की संख्या नें डेढ़ लाख का आंकड़ा किया पार

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के संक्रमितों और एक्टिव केसेज की संख्या में लगातार हो रही कमी के बीच संक्रमण से मरने वालों की संख्या डेढ़ लाख का आंकड़ा पार कर गई है। मंगलवार को भारत में लगातार दूसरे दिन संक्रमण से मरने वालों की संख्या दो सौ से नीचे रही। देर रात तक मरने वालों की कुल संख्या एक लाख ५० हजार से थोड़ी ज्यादा हो गई थी। जहां तक संक्रमितों की संख्या का सवाल है तो मंगलवार को देर रात तक पूरे देश में १६ हजार के करीब नए केसेज मिले थे, जिसके बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़ कर एक करोड़ तीन लाख ७४ हजार के करीब पहुंच गई। भारत में कोरोना वायरस की वैक्सीन लगाने की तैयारियों के बीच अच्छी खबर यह है कि नए साल में संक्रमितों की संख्या का रोजाना का औसत २० हजार से नीचे बना हुआ है। इसके साथ ही एक्टिव केसेज की संख्या में भी रिकार्ड गिरावट हुई है। इस हफ्ते के पहले दो दिन में २० हजार के करीब एक्टिव केसेज कम हुए हैं, जिसके बाद देश में अब एक्टिव केसेज की संख्या सवा दो लाख के करीब रह गई है। देश में सबसे ज्यादा संक्रमित महाराष्ट्र में मंगलवार को ३,१६० नए केसेज आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या बढ़ कर १६ लाख ५० हजार १७१ हो गई। महाराष्ट्र में मंगलवार को ६४ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या ४६,७५६ हो गई। राज्य में एक्टिव केसेज की संख्या ५० हजार से नीचे बनी हुई है। संक्रमितों की रोजाना की संख्या के लिहाज से केरल लगातार कई दिनों से सबसे ऊपर है। वहां तीन दिन की कमी के बाद मंगलवार को एक बार फिर संक्रमितों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ। राज्य में ५,६१५ नए मामले आए, जिसके बाद केरल में संक्रमितों की संख्या सात लाख ८४ हजार ४८६ हो गई। राज्य में मंगलवार को २४ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों का आंकड़ा ३,१८४ हो गया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को संक्रमितों की संख्या में सोमवार के मुकाबले थोड़ी बढ़ोतरी हुई। राज्य में मंगलवार ४२४ नए मामले आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या छह लाख २७ हजार ६६८ हो गई। राज्य में १२ लोगों की मौत हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या १०,६०६ हो गई। राजस्थान में मंगलवार को संक्रमितों की संख्या चार सौ से भी नीचे रही। राज्य में ३६७ केसेज आए, जिसके बाद संक्रमितों की संख्या तीन लाख १० हजार ६७५ हो गई। बिहार में मंगलवार को महज ४११ केसेज आए, जिसके बाद संक्रमितों का आंकड़ा दो लाख ५४ हजार ६८६ हो गया। केरल को छोड़ कर बाकी के दक्षिणी राज्यों में संक्रमितों की संख्या में गिरावट का सिलसिला जारी है। मंगलवार को आंध्र प्रदेश में महज ३७७ नए मामले आए। तमिलनाडु में ८२० नए मामले आए। ये आंकड़े कोविड१६ इंडिया डॉट ओआरजी के आंकड़ों पर आधारित हैं। भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक रविवार की देर शाम तक कुल संक्रमितों की संख्या एक करोड़ तीन लाख ५६ हजार ८४४ थी, जिसमें से एक लाख ४६ हजार ८५० लोगों की मौत हो चुकी है।

# यूपी बनेगा हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन : योगी

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां सोमवार को कहा कि आज के दौर में दुनिया आयुर्वेद, योग और नेचुरोपैथी जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। कोविड काल के अनुभवों ने पूरी दुनिया को प्राचीन भारतीय ऋषि परंपरा की देन इन चिकित्सा विधियों को वैश्विक स्वीकार्यता दी है। इस लिहाज से उत्तर प्रदेश को दुनिया के लिए नए हेल्थ टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में पहचान दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा नवचयनित १०६५ आयुर्वेद/ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण तथा १४२ हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटरों का शुभारंभ कर रहे थे। नवचयनित चिकित्सकों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे ऋषियों ने 'नास्ति मूलं अनौषधं' का सूत्र दिया है। इसका आशय है कि कोई भी मूल कोई भी वनस्पति ऐसी नहीं जिसमें औषधीय गुण न हो। हमें अपनी जिज्ञासु प्रवृत्ति को विस्तार देते हुए वनस्पतियों के औषधीय गुणों के संबंध में नए शोध करने चहिए। उन्होंने कहा कि जिन 'दादी के नुस्खों' को पुरातन मान कर उपेक्षा की जाती थी, आज कोविड काल में वही काढ़ा, हींग, हल्दी, अदरक, कालीमिर्च, तुलसी और गिलोय आदि हमारे लिए जीवनदायिनी सिद्ध हुए। हमें इसका महत्व समझना होगा और इसी के अनुसार भविष्य की राह बनानी होगी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थापित १४२ योग और वेलनेस सेंटरों का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सेंटर हेल्थ टूरिज्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अभी भले ही यह योग प्रशिक्षण दे रहे हों किन्तु निकट भविष्य में यहां षट्कर्म जैसी विधियों का प्रशिक्षण भी दिया जाना चहिए। वर्चुअल माध्यम से संवाद करते हुए सीएम योगी ने सभी को बधाई दी। नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से कहा कि आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी नेचुरोपैथी चिकित्सा विधियों में अभी बहुत संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाना महज सरकारी डॉक्टर के पद पर



चयनित होने तक सीमित नहीं है, इसे मिशन रूप में लेना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि शुचिता और पारदर्शिता पूर्ण प्रक्रिया के जरिये अपनी मेरिट के बल पर चयनित हुए यह चिकित्सक निश्चित ही चिकित्सक के मूल धर्म का पालन करेंगे। बता दें कि बीते ढाई दशक में यह पहला अवसर है कि जब आयुष विभाग में एक साथ इतनी संख्या में चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है। मुख्यमंत्री आवास पर हुए कार्यक्रम में जनपद रायबरेली में तैनाती पाने वाली डॉ. श्रेया पांडेय व डॉ. वसीम, कुशीनगर के डॉ. ऋषभ कुमार, बाराबंकी की डॉ. पारुल वर्मा, सीतापुर के डॉ. रत्नेश कुमार, उन्नाव की डॉ. निहारिका गुप्ता, गोंडा की डॉ. तान्या वार्ष्णेय, सुल्तानपुर के डॉ. आशीष गोयल और लखनऊ में तैनाती पाने वाली डॉ. बबिता कैन व डॉ. अदिति सोनकर को नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जबकि वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़े शेष नव चयनित चिकित्सकों को स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयुष टेलीमेडिसिन सेवा की शुरूआत भी की। इस नई सेवा से प्रदेश वासियों को अब घर बैठे आयुष विशेषज्ञों से परामर्श लेने की सुविधा मिल सकेगी। आयुष टेली मेडिसिन की राज्यव्यापी सेवा शुरू करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है। प्रथम चरण में गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ सहित प्रदेश के १६ जनपदों की ३८४ डिस्पेंसरियां इस व्यवस्था से जुड़ी हैं। कोई भी जरूरतमंद आयुष यूपी डैश टेलि मेडिसिन डॉट इन पर इस बारे में जानकारी ले सकता है। वेबसाइट के अलावा आयुष कवच–कोविड ऐप के माध्यम से रोगी को अपना पंजीकरण कर इस आयुष टेलीमेडिसिन सेवा का लाभ ले सकता है। कार्यक्रम में प्रदेश के आयुष विभाग के मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्म सिंह सैनी ने कहा कि कोरोना काल में आयुष काढा और आयुष कवच–कोविड के अभिनव प्रयासों ने करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा की। उन्हें आवश्यक विशेषज्ञों का परामर्श मिला। अब १०६५ चिकित्सकों की नियुक्ति, आयुष टेलीमेडिसिन सेवा और योग एन्ड वेलनेस सेंटर उत्तर प्रदेश के लोगों को समय पर, सहजता से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा देने में सहायक होंगे।

# व्यापारी चुनाव में भाजपा को असली वैक्सीन लगाएंगे : अखिलेश


लखनऊ। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस सरकार में सबसे ज्यादा लूट, हत्या की घटनाएं व्यापारियों के साथ हुई है। कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि व्यापारी चुनाव में भाजपा को असली वैक्सीन लगाएंगे। अखिलेश यादव आज पार्टी मुख्यालय में लखनऊ में आयोजित समाजवादी व्यापार सभा की राज्य स्तरीय संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाकडाउन में कारखाने प्रतिष्ठान बंद रहे फिर भी उन्हें बिजली का बिल देना पड़ रहा है। भाजपा दोहरे चरित्र की पार्टी है जो सबको बेईमान समझती है। नोटबंदी ने पूरी अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया है। वह अब व्यापार में एकाधिकार करने की साजिश में लगी है। एक वर्ष में ही राज्य के साथ भाजपा के



भाग्य का निर्णय हो जाएगा। व्यापारी चुनाव में भाजपा को असली वैक्सीन लगाएंगे। उन्होंने कहा कि किसानों, व्यापारियों का भरोसा भाजपा पर नहीं है। २० लाख करोड़ के घोषित पैकेज में व्यापारियों को क्या मिला? किसान और व्यापारी दोनों एक दूसरे पर निर्भर है। इनके संयुक्त प्रयास से ही आर्थिक तरक्की होना सम्भव होगी। डिजीटल व्यवस्था में छोटा व्यापारी खत्म हो जाएगा। यादव ने घोषणा की कि समाजवादी सरकार बनने पर व्यापारी सुरक्षा आयोग का गठन किया जाएगा। व्यापारी सुरक्षा बीमा राशि बीस लाख रुपए करेंगे। व्यापारियों का डाटा बनाएंगे तथा उन्हें डायल १०० से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने पारदर्शिता के साथ विकास कार्य किए थे। व्यापारियों किसानों की सहूलियत के लिए मंडिया स्थापित की थी जिन्हें सरकार ने बर्बाद कर दिया।

# इजरायल में फिर से लगेगा लॉकडाउन

यरुशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और वैकल्पिक प्रधानमंत्री बेनी गैंट्ज ने कोरोनावायरस को फैलने से रोकने के लिए पूरे देश में लॉकडाउन करने का फैसला कर लिया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों नेताओं के प्रवक्ता ने मंगलवार को अलग–अलग बयानों में कहा कि लॉकडाउन के दौरान पूरी शिक्षा प्रणाली बंद कर दी जाएगी। इसके अलावा अधिकांश समारोहों पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रोजाना शाम ७ बजे से अगली सुबह तक सभी दुकानों और व्यवसायों को बंद करने का आह्वान किया है। इन सभी प्रतिबंधों को मंजूरी देने के लिए कैबिनेट ने मंगलवार को बैठक बुलाई थी। हालांकि लॉकडाउन की अवधि अभी तय नहीं की गई है। गैंट्ज ने १० से १४ दिन के लॉकडाउन के लिए कहा है, वहीं नेतन्याहू ने बीमारी के कम होने तक लॉकडाउन रखने



की बात कही है। कैबिनेट बैठक में नेतन्याहू ने कहा कि कोविड–१६ का म्यूटेशन "नियंत्रण से बाहर हो गया है।" बता दें कि २७ दिसंबर, २०२० को इजरायल में तीसरा देशव्यापी लॉकडाउन लगा था। यहां मंगलवार की सुबह तक ४,५१,०४४ मामले और ३,४४८ मौतें दर्ज हो चुकीं थीं।

# मुरादनगर हादसे के जिम्मेदारों को मिले कड़ी सजा : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने गाजियाबाद के मुरादनगर में हुये हादसे पर दुख व्यक्त करते हुये



घटना के जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। मायावती ने सोमवार को ट्वीट किया " यू.पी. के जिला गाजियाबाद, मुरादनगर में स्थित श्मशान घाट की छत गिरने से लगभग दो दर्जन लोगों की हुई मौत अति दर्दनाक व कष्टदायक। पीड़ित परिवार के प्रति अति संवेदना व कुदरत इन्हें इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे। उन्होने लिखा " साथ ही, यू. पी. सरकार इस घटना की सही व समय से जाँच कराके इसके दोषियों को सख्त सजा जरूर दिलाये अर्थात् किसी को भी ना बचाये तथा पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक मदद भी जरूर करे, बी.एस.पी की यह माँग। गौरतलब है कि रविवार को तेज बारिश के कारण मुरादनगर में बंबामार्ग पर स्थित श्मशान घाट परिसर की छत और दीवार गिर गयी। घटना के समय श्मशान घाट पर अंत्येष्टि हो रही थी और इस दौरान वहां एकत्र ४० से अधिक लोग मलबे में दब गये। हादसे में २४ लोगों की मौत हो गयी है और कई अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने इस मामले में नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी (ईओ) निहारिका सिंह, कनिष्ठ अभियंता सीपी सिंह और सुपरवाइजर आशीष समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि ठेकेदार अजय त्यागी तथा अन्य फरार बताये गये हैं।

# 'एक विलेन' के सीक्वल में काम करेंगी दिशा पाटनी!

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी फिल्म एक विलेन के सीक्वल में काम करती नजर आ सकती है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी वर्ष



२०१४ में प्रदर्शित फिल्म 'एक विलेन' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख ने मुख्य भूमिका निभायी थी। अब फिल्म का सीक्वल बनाया जाने वाला है। फिल्म के सीक्वल में मेकर्स ने अपनी लीडिंग लेडी कास्ट कर ली है। दिशा पाटनी फिल्म में बतौर लीड नजर आने वाली हैं। वह अपने करियर में दूसरी बार निर्देशक मोहित सूरी के साथ काम करने जा रही हैं। दिशा पाटनी ने इससे पहले मलंग में भी मोहित सूरी के साथ काम किया है। दिशा पाटनी ने कहा, "मैं एक विलेन २ की शूटिंग को लेकर काफी उत्साहित हूं। मुझे फिर मोहित सर के साथ काम करने का मौका मिल रहा है। साल को इससे बेहतर अंदाज में शुरू नहीं किया जा सकता था।

# सिडनी टेस्ट : सैनी करेंगे पदार्पण, रोहित की हुई वापसी

सिडनी। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी गुरुवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर आस्ट्रेलिया के साथ शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट मैच में पदार्पण करेंगे। सैनी को चोटिल उमेश यादव के स्थान पर टीम में लाया गया है। उम्मीद के मुताबिक रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई है। वह मयंक अग्रवाल की जगह टीम में आए हैं। रोहित और शुभमन गिल भारत के लिए तीसरे टेस्ट मैच में पारी की शुरुआत करेंगे। टीम में कोई और बदलाव नहीं किया गया है। सैनी ने भारत के लिए अभी तक सात वनडे और १० टी–२० मैच खेले हैं। रहाणे ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, "हम रोहित की वापसी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। खासकर उनका शीर्ष स्तर का अनुभव काफी मायने रखता है। उनकी बल्लेबाजी की बात करें तो वह नेट्स में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने



सात–आठ सेशन अच्छी बल्लेबाजी की है। वह मेलबर्न आए और सीध ो अभ्यास करना शुरू किया।" उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि वह शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। बीती कुछ सीरीजों से वह सलामी बल्लेबाजी कर रहे हैं तो जाहिर सी बात है कि आप उन्हें शीर्ष क्रम में ही देखेंगे। रोहित ने बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती दो टेस्ट मैच नहीं खेले क्योंकि वह सिडनी में क्वारंटीन थे। उन्हें मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या थी इसलिए वह आस्ट्रेलिया देरी से आए थे। यह चोट उन्हें आईपीएल में लगी थी। भारतीय टीम : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रोहित शर्मा (उप–कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी।

# प्रॉपर्टी के विवाद में युवक को दौड़ाकर मारी गोली

लखनऊ। प्रॉपर्टी के विवाद में मंगलवार दोपहर ठाकुरगंज रिंग रोड स्थित शीला गार्डेन के पास विपिन विश्वकर्मा (२५) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने विपिन को एक प्लाट में दौड़ा कर गोली मारी। वारदात को अंजाम देकर आरोपित भाग निकलें। पुलिस की टीमें आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही हैं। कन्हैया माधवपुर निवासी विपिन विश्वकर्मा मंगलवार को कुछ साथियों के साथ शीला गार्डेन के पास स्थित एक प्लाट पर गए थे। इस बीच प्रॉपर्टी डीलर सुशील यादव और रेशू भी कुछ साथियों के साथ पहुंचे। वहां प्लाट को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान सुशील और रेशू ने विपिन पर फायर झोंक दी। बचाव में विपिन भागा तो दौड़ाकर उसे गोली मारी। इसके बाद मौके से भाग निकलें। साथी और ग्रामीण घायल विपिन को आनन–फानन ट्रामा लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसीपी चौक आईपी सिंह ने बताया कि हत्यारोपितों की तलाश में पुलिस की कई टीमें दबिश दे रही हैं।



दोनों पक्षों में प्रॉपर्टी और पुरानी रंजिश को लेकर विवाद था। दो दिन पहले भी विवाद था। रिंग रोड पर ही सुशील का प्रॉपर्टी डीलिंग का आफिस है।बताया जा रहा है कि मोहनलालगंज सांसद के पुत्र आयुष किशोर का विपिन बेहद करीबी था। घटना की जानकारी पर आयुष भी मौके पर पहुंचे। कुछ माह पहले सांसद पुत्र का दुबग्गा चौकी के पास विवाद हुआ था। उसमें भी विपिन उनके साथ था।

# मऊ के ब्लाक प्रमुख के पति अजीत सिंह की गोली मारकर की हत्या

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बुधवार को ताबड़तोड़ फायरिंग में मऊ के मोहम्मदाबाद से ब्लाक प्रमुख पति अजीत सिंह की हत्या कर दी गई। इस दौरान उनके साथ मौजूद साथी ग्राम भदेड मोहम्दाबाद गोहना मऊ निवासी किलिंग सिंह का बेटा मोहर सिंह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आनननफानन दोनों को लोहिया अस्पताल ले गई। मौके पर भारी भीड़ मौजूद है। बताया जा रहा है कि मूलरूप से गोहना मोहम्मदाबाद जिला मऊ निवासी राधे प्रसाद के बेटे अजीत सिंह आजमगढ़ में पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू हत्याकांड में गवाह थे। अजीत की अखंड सिंह और कुनकुन सिंह से रंजिश बताई जा रही है। मृतक अजीत मुख्तार अंसारी के करीबी भी बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अजीत सिंह आजमगढ़ में पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू हत्याकांड में गवाह थे। बता दें, १६ जुलाई २०१३ को बसपा विधायक सर्वेश कुमार सिंह सीपू की हत्या उनके जीयनपुर आवास के सामने कर दी गयी थी। उनके करीबी भरत राय की भी फायरिंग में मौत हो गई थी। इस मामले में जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरा गांव निवासी कुख्यात अपराधी व पूर्व प्रमुख ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सहित १३ लोगों के खिलाफ जीयनपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जेल में निरुद्ध कुख्यात कुंटू सिंह प्रदेश के टाप–१० अपराधी में शामिल है। २० दिसंबर २०२० को अपराधियों पर नकेल कसने को चलाए जा रहे अभियान के तहत जीयनपुर पुलिस ने बसपा के पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू हत्याकांड के आरोपित ग्राम प्रधान, बीडीसी समेत तीन लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी।

# लोग सिनेमाघरों में फिल्में देखने के लिए उत्सुक हैं : अनिल कपूर

मुंबई। अभिनेता अनिल कपूर के पास २०२१ में कई शैलियों के प्रोजेक्ट्स हैं और वे उम्मीद कर हैं कि आने वाला साल फिल्म बिरादरी



समेत सभी के लिए अच्छा हो। फिलहाल कपूर 'एके बनाम एके' में अपनी भूमिका के लिए अच्छी प्रतिक्रियाएं पाने में व्यस्त हैं। यह शो डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आया है और इसमें उनके सह–कलाकार अनुराग कश्यप हैं। इसे विक्रमादित्य मोटवाने ने निर्देशित किया है। कपूर ने बताया, "जब लोग आपकी फिल्म और आपके प्रदर्शन को पसंद करते हैं, तो आप अच्छा महसूस करते हैं। मुझे खुशी है कि लोगों ने फिल्म को पसंद किया।" इंडस्ट्री के धीरे–ध ीरे खुलने को लेकर उन्होंने कहा, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो केवल बड़े पर्दे के लिए बनाई जाती हैं। मेरी कुछ फिल्में इस साल रिलीज होने जा रही हैं, मुझे आशा है कि दर्शक उन्हें सिनेमाघरों में देखेंगे। मुझे यकीन है कि लोग सिनेमाघरों में फिल्में देखने के लिए उत्सुक हैं। कुछ ऐसी फिल्में हैं जो आपको बड़े पर्दे पर और ओटीटी प्लेटफार्मों पर एक जैसा आनंद देती हैं और 'एके बनाम एके' उन फिल्मों में से एक है।" उन्होंने आगे कहा, "अब वैक्सीन को भी सरकार ने अप्रूव कर दिया गया है, इसलिए मैं प्रार्थना करता हूं कि थिएटर फिर से पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे और लोग इस साल सिनेमाघरों में फिल्में देखेंगे। मैं जिंदगी को लेकर सकारात्मक सोच रखता हूं कि भगवान की मर्जी है इसलिए सब अच्छा ही होगा। मुझे पूरा भरोसा है कि साल २०२१ फिल्म बिरादरी समेत सभी के लिए एक बहुत अच्छा साल होगा।" अनिल कपूर अब करण जौहर की ऐतिहासिक ड्रामा 'तख्त' में, कमेडी ड्रामा 'जुग जुग जियो' और संदीप वांगा रेड्डी की क्राइम ड्रामा 'एनिमल' में नजर आएंगे।

## 'बुलबुल तरंग' में काम करेंगी सोनाक्षी सिन्हा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा सच्ची घटनाओं पर आध ारित फिल्म 'बुलबुल तरंग' में काम करती नजर आयेंगी। सोनाक्षी सिन्हा निर्देशक नारायण सिंह की फिल्म में मुख्य किरदार अदा करने



जा रही हैं जिसका नाम 'बुलबुल तरंग' रखा गया है। फिल्म में राज बब्बर भी हैं। ताहिर राज भसीन भी इस फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं। यह भारत की सामाजिक पृष्ठभूमि वाली फिल्म होगी और पुराने जमाने के रीति–रिवाज के बारे में होगी। फिल्म की शूटिंग मार्च–अप्रैल में शुरू होगी। सोनाक्षी 'भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया' फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रही हैं। इस फिल्म में अजय देवगन भी हैं और यह डिज्नी टस्टार पर रिलीज होगी।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक